e-Mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**स0सं0:– 03 / भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम (18 जिला)–19 / 2021** Part-II. 13279

प्रेषक,

**जय सिंह,** भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**अपर पुलिस महानिदेशक (सुरक्षा),**
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक :– 09/08/2024

विषय :– नव पदस्थापित बन्दोबस्त पदाधिकारियों को सुरक्षा हेतु अंगरक्षक उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :– भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय का पत्र संख्या–312 दिनांक–02.02.2021 एवं पत्र सं0–177 दिनांक–11.01.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंग के संबंध में कहना है कि राज्य के प्रथम चरण के 20 जिले के अतिरिक्त शेष सभी जिलों में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रारंभ किया गया है, जिसके आलोक में राज्य के सभी जिलों में स्वतंत्र रूप से बन्दोबस्त पदाधिकारियों का पदस्थापन किया गया है।

माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा राज्य के सभी जिलों में प्राथमिकता के आधार पर विशेष सर्वेक्षण का कार्य आगामी वर्ष तक पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया है। भू–सर्वेक्षण का कार्य अत्यंत ही संवेदनशील होने के साथ–साथ रैयतों के मध्य किये जाने वाला कार्य है, जिसमें प्रायः भू–विवाद की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा क्षेत्रों का भ्रमण किया जाना भू–सर्वेक्षण कार्य का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। वरीय पदाधिकारियों के क्षेत्र में भ्रमण के दौरान पर्याप्त सुरक्षा का होना अत्यंत आवश्यक है।

विदित हो कि पूर्व से संचालित जिलों में कतिपय जिलों को छोड़कर अधिकांश जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारियों को अंगरक्षक उपलब्ध नहीं है।

अतः अनुरोध है कि नव पदस्थापित जिलों के साथ–साथ पूर्व संचालित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों को सुरक्षा के दृष्टिगत अंगरक्षक उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

**अनुलग्नक**– प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 9/8/24
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम (18 जिला)–19 / 2021** Part-II 13279 **पटना, दिनांक** 09/08/24

**प्रतिलिपिः**– वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, पटना / रोहतास(सासाराम) / भोजपुर / बक्सर / दरभंगा / समस्तीपुर / मधुबनी / सारण / गोपालगंज / मुजफ्फरपुर / पूर्वी चम्पारण / भागलपुर / सिवान / वैशाली / कैमूर(भभूआ) / औरंगाबाद / बेगूसराय / लखीसराय / खगड़िया / जहानाबाद / बांका / जमुई / मुंगेर / सीतामढ़ी / शिवहर / नालंदा / सुपौल / मधेपुरा / किशनगंज / पूर्णियाँ / कटिहार / शेखपुरा / अरवल / नवादा / गया / अररिया / पश्चिमी चम्पारण / सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप 9/8/24

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम (18 जिला)–19 / 2021** Part-II 13279 **पटना, दिनांक** 09/08/2024

**प्रतिलिपिः–** सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार / सभी समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम (18 जिला)–19 / 2021** Part-II 13279 **पटना, दिनांक** 09/08/2024

**प्रतिलिपिः–** सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि अंगरक्षक के अनुपलब्धता की स्थिति में संबंधित जिला के आरक्षी अधीक्षक को एतद् संबंधी याचना प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम (18 जिला)–19 / 2021** Part-II 13279 **पटना, दिनांक** 09/08/2024

**प्रतिलिपिः–** श्री चन्द्रशेखर प्रसाद विद्यार्थी, भा0पु0से0, संयुक्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। कृपया अपने स्तर से वर्णित मामले में संबंधित पदाधिकारियों से पत्राचार करने की कृपा की जाय।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम (18 जिला)–19 / 2021** Part-II 13279 **पटना, दिनांक** 09/08/2024

**प्रतिलिपिः–** सभी प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम (18 जिला)–19 / 2021** Part-II 13279 **पटना, दिनांक** 09/08/2024

**प्रतिलिपि :** अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम (18 जिला)–19 / 2021** Part-II 13279 **पटना, दिनांक** 09/08/20

**प्रतिलिपि :** मुख्य सचिव, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम (18 जिला)–19 / 2021** Part-II 13279 **पटना, दिनांक** 09/08

**प्रतिलिपि :** माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम (18 जिला)–19 / 2021** Part-II 13279 **पटना, दिनांक** 09/08

**प्रतिलिपिः–** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
9/8/24

**Mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**
**संख्या** – 01/भू0अ0नि0(3) रा0 स्था0– 01/2021....312....

प्रेषक,

**जय सिंह**, भा0प्र0से0,
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**श्री चन्द्रशेखर प्रसाद विद्यार्थी**, भा0पु0से0
संयुक्त सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक :–02-02-2021

विषय :– नव पदस्थापित बन्दोबस्त पदाधिकारियों को सुरक्षा हेतु अंगरक्षक उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय पत्रांक–198 दिनांक 21.01.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि सामान्य प्रशासन विभाग के अधिसूचना संख्या– 12345 दिनांक–22.12.2020 एवं अधिसूचना संख्या–12354 दिनांक–22.12.2020 द्वारा विभिन्न जिलों में बन्दोबस्त पदाधिकारी का पदस्थापन किया गया है (सुविधा हेतु छायाप्रति संलग्न)। भू–सर्वेक्षण का कार्य, भूमि से संबंधित है तथा भू–विवाद एवं अन्य कारणों से अत्यन्त संवेदनशील है। नव पदस्थापित पदाधिकारी द्वारा प्रायः क्षेत्र भ्रमण किया जाता है।

विदित हो कि पूर्व में यह कार्य समाहर्त्ता स्तर पर बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा किया जाता था, जिन्हे पर्याप्त सुरक्षा सरकार द्वारा उपलब्ध है।

अनुरोध है कि नव पदस्थापित जिलों में बन्दोबस्त पदाधिकारियों के लिए सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से अंगरक्षक उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई अपने स्तर से भी की जाय।

**अनुलग्नक** :– यथोक्त।

विश्वासभाजन

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**– 01/भू0अ0नि0(3) रा0 स्था0– 01/2021....312.... पटना दिनांक :–02-02-2021

**प्रतिलिपि** :– संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार/संबंधित समाहर्त्ता/संबंधित वरीय पुलिस अधीक्षक/संबंधित पुलिस अधीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

E:\Year 2021 Om\Bablu Sir\Director\file no. 01- 2021 01.02.2021.doc

**ज्ञापांक–** 01/भू0अ0नि0(3) रा0 स्था0– 01/2021...312..... पटना दिनांक :–02-02-2021

**प्रतिलिपि** :– संबंधित बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक–** 01/भू0अ0नि0(3) रा0 स्था0– 01/2021...312..... पटना दिनांक :–02-02-2021

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक** 2/2/21
भू–अभिलेख एवं परिमाप

47

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 17–तक0 को0–312/2018–Part-IV 177 पटना, दिनांक :– 11/01/2024

## आदेश

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के आदेश संख्या–1600 दिनांक–20.09.2019 द्वारा राज्य के 20 जिलों में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रारंभ करने का आदेश निर्गत है।

वर्त्तमान में उच्चस्तरीय समीक्षा उपरान्त सम्पूर्ण राज्य में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रारंभ करने के लिए निम्नांकित निर्णय लिये जाते हैं–

(i) राज्य के प्रथम चरण के 20 जिले यथा–बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद, अररिया, सीतामढ़ी, सुपौल, प0 चम्पारण, शिवहर, बांका, शेखपुरा, सहरसा, कटिहार, पूर्णियाँ, मुंगेर, नालंदा, खगड़िया, अरवल, मधेपुरा, जमुई एवं किशनगंज के 89 अंचलों के साथ उक्त जिले के शेष सभी अंचलों एवं 18 जिले यथा–रोहतास, बक्सर, भोजपुर, कैमूर, औरंगाबाद, नवादा, गया, पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चम्पारण, सिवान, गोपालगंज, दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी, भागलपुर एवं सारण के सभी अंचलों में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

(ii) राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक अंचल में एक–एक विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त शिविर स्थापित किए जाऐंगे।

(iii) अंचलस्तरीय प्रत्येक शिविर में 01 शिविर प्रभारी–सह–विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, 02 विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, दो लिपिक तथा अंचल में प्रत्येक चार राजस्व ग्राम के लिए एक विशेष सर्वेक्षण अमीन को पदस्थापित किया जाएगा।

(iv) भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के आदेश संख्या–1600 दिनांक–20.09.2019 के आलोक में विशेष सर्वेक्षण संचालित राज्य के 20 जिलों के कुल 220 अंचलों के 89 अंचलों में कार्यरत 208 विशेष शिविरों को पुर्नगठित करते हुए एक अंचल में एक से अधिक गठित विशेष सर्वेक्षण शिविरों को अंचल स्तरीय शिविर के साथ संबंद्ध किया जाएगा।

उपरोक्त पर माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के आदेश संख्या–1600 दिनांक–20.09.2019 को इस हद तक संशोधित समझा जाए।

(जय सिंह) 11/1/24
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– 17–तक0 को0–312/2018–Part-IV 177 पटना, दिनांक :– 11/01/2024

प्रतिलिपि :– सभी समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/सभी बंदोबस्त पदाधिकारी, बिहार/सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार/सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–तक0 को0–312/2018–Part-IV 177 पटना, दिनांक :– 11/01/2024

प्रतिलिपि :– उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना–7 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–तक0 को0–312/2018–Part-IV 177 पटना, दिनांक :– 11/01/2024

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
11/1/24

D:\Sanjay\2023\Hindi\file 312 2018 22.12.2023.doc